# मुख्य सिग्नल अधिकारी, पश्चिमी कमान
# पिन-908543, मार्फत 56 एपीओ

## रोज़गार सूचना

(1) दो वर्षों की अवधि हेतु प्रोबेशन पर और उस के बाद इस अवधि के दौरान उपयुक्त पाये जाने पर निम्नलिखित केन्द्रों- **पटियाला, डलहौज़ी, फिरोजपुर, दिल्ली एवं योल कैंट** पर अखिल भारतीय सेवा उत्तरदायित्व के अधीन स्थायी समावेशन पर सीएसबीओ (सिविलियन स्विच बोर्ड ऑपरेटर) जीडीई-II, ग्रुप-'सी' के पद हेतु निर्धारित प्रारूप पर आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। विधिवत सत्यापित सभी अपेक्षित दस्तावेजों सहित हर तरह से पूर्ण आवेदनों को **9 कोर्प्स सिग्नल रेजीमेंट पिन-176052, योल कैंट (धर्मशाला) हिमाचल प्रदेश** को भेजना होगा।

(2) **पे बैंड-21,700/-रु. + भत्ते (लेवल-3, सेल-1) 7वें सीपीसी के नये पे मैट्रिक्स के अनुसार।**

(3) **रिक्तियों का विवरण :**

| एससी | एसटी | ओबीसी | यूआर | यूआर | | | कुल | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | ईडब्ल्यूएस | पीएचसी | ईएसएम | | |
| 04 | 01 | 04 | 05 | 02 | – | 01 | 17 | नियुक्ति अधिकारी के पास रिक्तियों की संख्या में परिवर्तन हेतु सभी अधिकार होंगे। |

(4) **योग्यताएं :**

(ए) अनिवार्य (i) मान्यताप्राप्त बोर्ड से दसवीं या समकक्ष (ii) प्राइवेट बोर्ड एक्सचेंज (पीबीएक्स) बोर्ड को हैंडल करने में कुशलता

(बी) वांछनीय (i) अंग्रेजी एवं हिन्दी बोलने में कुशल

(5) **नियुक्ति के नियम :-**

(ए) नैशनल पेंशन सिस्टम द्वारा शासित 01 जनवरी 2004 को या बाद में दर्ज सरकारी सेवा के नये नियम।

(बी) नियुक्ति दो वर्ष हेतु प्रोबेशन अवधि पर होगी, उसके बाद प्रोबेशन अवधि के दौरान उपयुक्त पाये जाने पर स्थायी समावेशन के तहत होगी।

(सी) सरकारी आदेशों के अनुसार, सरकारी कर्मचारी को रोकने के लिये 55 वर्ष से अधिक की आयु/30 वर्ष की योग्य सेवा (जो भी लागू है), को स्क्रीनिंग कमेटी द्वारा उपयुक्त पाये जाने पर किया जाएगा। जिस सरकारी कर्मी की सत्यनिष्ठा संदिग्ध होगी उसे रोका नहीं जाएगा।

(डी) यदि रोकने हेतु उपयुक्त पाया जाता है तो, सरकारी कर्मी 60 वर्ष की आयु होने पर सेवा से निवृत्त होगा।

(ई) यदि किसी महिला या पुरुष उम्मीदवार की एक से अधिक जीवन साथी (स्पाऊस) है तो वह सरकारी सेवा हेतु अयोग्य होगा।

(6) **आयु सीमा :-**

(ए) 18 से 25 वर्ष के मध्य

(बी) आयु छूट का विस्तार

(i) ओबीसी - निर्धारित आयु सीमा पर या ऊपर तीन वर्ष

(ii) एससी एवं एसटी - पांच वर्ष

(iii) पीएचसी - दस वर्ष (एससी/एसटी हेतु 15 वर्ष एवं ओबीसी हेतु 13 वर्ष)

(iv) पूर्व सैनिक - आर्मी, नेवी एवं एयरफोर्स में की गई सेवा जमा तीन वर्ष

(सी) आयु निर्धारण हेतु कट ऑफ तिथि आवेदन की प्राप्ति की अंतिम तिथि होगी। आयु छूट केवल तभी दी जाएगी यदि उम्मीदवार वैध जाति प्रमाणपत्र को प्रस्तुत करेगा।

(7) **फोटोग्राफ्स** - एक पारपत्र आकार का नवीनतम फोटो (तीन माह से अधिक पुराना नहीं) को विधिवत स्वयं सत्यापित करके दिये गए निर्धारित स्थान पर चिपकाना होगा। विधिवत सत्यापित (सामने की तरफ) दो अतिरिक्त फोटो को आवेदन के साथ अलग से संलग्न करना होगा।

(8) **आवेदन प्राप्ति हेतु अंतिम तिथि : समाचार पत्रों में इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन**

(9) **परीक्षा की स्कीम :** चयन केवल मेरिट आधार पर होगा, जो कि 100 अंकों की लिखित परीक्षा में प्राप्तांकों के अनुसार निर्णित किया जाएगा। लिखित परीक्षा हेतु चयनित आवेदक को कौशल परीक्षा भी देनी होगी जो कि केवल उत्तीर्ण करनी होगी और इसके अलग से अंक नहीं होंगे।

(ए) **लिखित परीक्षा :** लिखित परीक्षा के चार भाग होंगे जो निम्न अनुसार होंगे :-

| क्रम सं. | पेपर | टिप्पणी |
|---|---|---|
| i | पेपर-I | जनरल इंटैलीजेंस एंड रीज़निंग (ऑब्जेक्टिव बहु विकल्पीय टाईप) |
| ii | पेपर-II | जनरल अवेयरनेस (ऑब्जेक्टिव बहु विकल्पीय टाईप) |
| iii | पेपर-III | जनरल इंग्लिश (ऑब्जेक्टिव बहु विकल्पीय टाईप) |
| iv | पेपर-IV | न्यूमैरीकल एप्टीट्यूड (ऑब्जेक्टिव बहु विकल्पीय टाईप) |

**नोट :** प्रश्नपत्र द्विभाषी होगा अर्थात् अंग्रेजी एवं हिन्दी। हालांकि अंग्रेजी भाषा विषय के प्रश्न केवल अंग्रेजी में ही होंगे। भर्ती हेतु किसी अतिरिक्त/एक्स्ट्रा/उच्च योग्यता को वरीयता नहीं दी जाएगी।

(बी) **कौशल परीक्षा :** कौशल परीक्षा केवल एक्स्चेंज के संचालन को संभालने में उम्मीदवार की कुशलता को जांचने हेतु आयोजित की जाएगी और यह केवल पात्रता के कारण हेतु होगी।

(सी) यदि विज्ञापन की प्रतिक्रिया में अधिक मात्रा में आवेदन प्राप्त किये जाते हैं और सभी उम्मीदवारों हेतु परीक्षा का प्रबंध करना संभव या सुविधाजनक नहीं हुआ तो चयन बोर्ड के पास निर्धारित न्यूनतम अनिवार्य योग्यता अर्थात् दसवीं या समकक्ष में प्राप्त अंकों की प्रतिशतता के आधार पर उचित सीमा तक उम्मीदवारों को कम करने का अधिकार होगा।

10. **आवेदकों हेतु महत्वपूर्ण दिशा निर्देश :-**

(ए) केवल मात्र मूल चयन मानदंड को पूर्ण करना ही किसी उम्मीदवार को परीक्षा हेतु बुलाये जाने के लिये स्वतः ही दावेदार नहीं बनाता।

(बी) लिखित परीक्षा में प्रदर्शन पर आधारित केवल शॉर्ट लिस्ट किए गये उम्मीदवार (प्रत्येक श्रेणी में टॉप दस या रिक्तियों की संख्या के दस गुणा को ही चयन बोर्ड द्वारा कौशल परीक्षा हेतु बुलाया जाएगा)

(सी) लिखित परीक्षा एवं कौशल परीक्षा की तिथि केवल योग्य आवेदकों को सूचित की जाएगी।

(डी) केन्द्रीय/राज्य सरकार/पीएसयू में कार्यरत व्यक्तियों को अपने संस्थापन से प्रमाण पत्र के साथ उचित माध्यम द्वारा आवेदन करना होगा, प्रमाण पत्र इस बात के लिए होगा कि उनके प्रति कोई अनुशासनात्मक कार्यवाही पूर्ण नहीं हुई है/लम्बित नहीं है और चयन के मामले में उन्हें छोड़ने पर कोई आपत्ति नहीं है।

(ई) चयन बोर्ड डाक द्वारा किसी देरी/असफलता हेतु उत्तरदायी नहीं होगा।

(एफ) आवेदकों को लिफाफे के ऊपर बड़े अक्षरों में स्पष्ट रूप से **"सीएसबीओ जीडीई-II के पद हेतु आवेदन"** लिखना होगा। आरक्षित श्रेणी के उम्मीदवारों को अपनी श्रेणी को लिफाफे के बाईं तरफ कोर्नर में लिखना होगा।

(जी) पद हेतु आवेदन करते समय उम्मीदवारों को समर्थित दस्तावेजों को आवेदन के साथ संलग्न करना होगा

(i) जन्म प्रमाणपत्र (दसवीं प्रमाणपत्र/इसके स्थान पर अंक तालिका भी लगाई जा सकती है) की सत्यापित प्रतियां,

(ii) शैक्षणिक योग्यता/तकनीकी योग्यता,

(iii) अनुभव प्रमाणपत्र,

(iv) आवासीय प्रमाणपत्र,

(v) आरक्षित श्रेणी से संबंधित उनके दावे के समर्थन में जाति प्रमाणपत्र

(vi) दो स्वयं का पता लिखे हुये लिफाफे जिन पर प्रत्येक पर अपेक्षित 10/- रु. का डाक टिकट लगा हो, आवेदन के साथ आवश्य संलग्न किया जाएगा।

(एच) निम्नलिखित कमियों के साथ आये आवेदनों को सीधे तौर पर रद्द कर दिया जाएगा तथा इस संबंध में किसी पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।

(i) अधूरे या गैर हस्ताक्षरित आवेदन तथा दायें/बायें अंगूठे के निशान के बगैर एवं फोटोग्राफ रहित आवेदन प्रपत्र

(ii) आवेदन की देरी से प्राप्ति अर्थात अंतिम तिथि के बाद प्राप्ति

(iii) गैर सत्यापित समर्थित दस्तावेजों को जमा कराना

(iv) स्वयं सत्यापित दो अतिरिक्त फोटोग्राफ को जमा न करना तथा जमा कराई गई फोटोग्राफ्स का मिसमैच होना।

(v) स्वयं का पता लिखे हुए एवं 10/- रु. का डाक टिकट लगे हुए 12×24 सेमी. के लिफाफों का न होगा।

(vi) आवेदन में भरी गई जानकारी का उनके समर्थित दस्तावेजों से मैच न होगा।

(जे) उम्मीदवारों द्वारा आवेदन या तो अंग्रेजी या हिन्दी में भरा जाएगा।

(के) **किसी पूछताछ के लिये उम्मीदवार सम्पर्क करें-फोन सं. 01892234117 (सिविल हेल्प लाईन सं.) मो. 9805025556 नायब सूबेदार आरपी सिंह (9402424564) एवं नायब सूबेदार कराड़े वी एस (7710191727) (पूछताछ 0800 बजे से 1400 बजे के मध्य)**

(i) परीक्षा में आने के लिये कोई टीए/डीए नहीं दिया जाएगा।

(एम) उम्मीदवारों को अपनी व्यवस्था पर 4 से 5 दिन के लिए ठहरने के लिए **योल कैंटोनमेंट (धर्मशाला) (हि.प्र.) (स्टेशन)** पर आने के लिए तैयार होना चाहिए।

रो.स. 21/91